दिनांक 27.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया है कि पिछले 2 दिनों से हो रही बारिश को देखते हुए आवागमन से आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सड़क पर पानी का जमाव न हो ऐसे स्थानों पर तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। तथा मैदानी कर्मचारी को आवश्यक संसाधन के साथ तैयार रखें ताकि अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।

डेंगू प्रभावित वार्डों में आज अग्निशमन वाहन के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया गया। निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो से नालियों की साफ–सफाई करते हुए निकलने वाले कचरे को साफ कर ट्रक, जेसीबी के माध्यम से उठाकर ट्रेचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। तथा कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया गया। आज निगम क्षेत्र में हो रहे बारिश के बावजुद भी डेंगू प्रभावित वार्डों में संयुक्त रुप से चलाये जा रहे अभियान से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी, अतिरिक्त कर्मचारियों एवं अन्य संसाधन के द्वारा साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ पानी जमा निकासी की व्यवस्था, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, सुबह एवं शाम फागींग मशीन के द्वारा धुआं का छिड़काव करते हुए आम नागरिकों से अपील किये जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान डेंगू प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष रुप से नजर बनाये हुए हैं डेंगू उन्मूलन के संबंध में किये जा रहे उपाय का कार्य स्थल पर पहुंचकर स्वयं घर–घर जाकर लोगों में जन जागरुकता का संदेश प्रसारित करते हुए डेंगू जैसी बिमारी की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु जन सहयोग की अपील किये जा रहे हैं।

निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 से 27 अगस्त तक 1065866 कूलर खाली कराये गये एवं 7242 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 76910 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 4702 स्थानों एवं 391 स्कूल, 343 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 4518298 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 161114 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2129 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु 302 होर्डिंग्स, 1166 कटआउट क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 15 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

जोन 04 के वार्ड 36 एवं 37 के बीएसपी क्वाटर के पीछे सिवरेज बैक लाईन में डेंगू के रोकथाम हेतु 02 नग अग्निशमन वाहन से 9000 लीटर पानी में टेमिफांस का मिश्रण कर क्वाटरों के पीछे छिड़काव कराया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी